
# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLXIII

संस्करण : अक्टूबर-दिसंबर 2023











/NHPCIndiaLimited | @nhpcltd | /nhpclimited | NHPC Limited | @nhpclimited

www.nhpcindia.com

# Workshop on Sexual Harassment of Women at Workplace



# निगम मुख्यालय

## एनएचपीसी ने 49वां स्थापना दिवस मनाया




एनएचपीसी ने 7 नवंबर 2023 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद और अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों और परियोजनाओं में अपना 49वां स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री आर.के. विश्नोई, सीएमडी, एनएचपीसी ने सभी एनएचपीसी कार्मिकों को शुभकामनाएं दीं। श्री विश्नोई ने बताया कि वर्ष 2022–23 में एनएचपीसी और संयुक्त उपक्रम द्वारा कुल 30350 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया है जो कि अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है। उन्होंने यह भी बताया कि गत वर्ष पीएएफ 88.75% रहा जो अब तक का सर्वाधिक है। सीएमडी, एनएचपीसी ने आगे कहा कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में अभी तक का सर्वाधिक समेकित कर पश्चात लाभ (पीएटी) रु. 3834 करोड़ है जोकि पिछले रिकॉर्ड रु. 3538 करोड़ के मुकाबले 8.3% ज्यादा है। श्री आर.के. विश्नोई ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार और विशेष रूप से माननीय केंद्रीय मंत्री (विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) श्री आर. के. सिंह जी का आभार प्रकट किया, जिनके कुशल नेतृत्व में जलविद्युत क्षेत्र में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है और इसका प्रत्यक्ष लाभ एनएचपीसी को नयी परियोजनाओं के रूप में मिल रहा है। इस अवसर पर एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने स्वागत भाषण दिया। श्री लाल ने कहा कि एनएचपीसी स्थापना दिवस उन सभी एनएचपीसी कार्मिकों को याद करने का एक विशेष क्षण है जिन्होंने इसकी स्थापना के बाद से एनएचपीसी के विकास में योगदान दिया है।

समारोह का एक विशेष आकर्षण नए एनएचपीसी ध्वज का अनावरण और एनएचपीसी आईटी एंड सी और मानव संसाधन विभाग द्वारा विकसित एनएचपीसी कार्मिकों के लिए एक विशेष वैवाहिक पोर्टल 'बंधन' का शुभारंभ था। समारोह के दौरान, विभिन्न श्रेणियों जैसे सर्वश्रेष्ठ पावर स्टेशन, सर्वश्रेष्ठ निर्माणाधीन परियोजना, अनुकरणीय प्रतिबद्धता, एनएचपीसी के स्टार और दसवीं और बारहवीं कक्षा के स्टार छात्र एनएचपीसी पुरस्कार योजना (2022–23) के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी), श्री संतोष कुमार, सीवीओ और एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशक डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, प्रोफेसर (डॉ.) अमित कंसल, प्रोफेसर (डॉ.) रश्मी शर्मा रावल और श्री जीजी जोसेफ उपस्थित थे।

## एनएचपीसी द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा- स्वच्छता ही सेवा 2023' के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन




एनएचपीसी द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छता ही सेवा 2023' के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को स्वच्छता अभियान हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल के नेतृत्व में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने फरीदाबाद के बुढ़िया नाला पर बने ऐतिहासिक मुगल ब्रिज, संतोष नगर में और इसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। श्रमदान कार्यक्रम के दौरान एनएचपीसी कार्मिकों के साथ–साथ स्कूली बच्चों तथा स्थानीय लोगों ने भी बढ़–चढ़ श्रमदान किया। इस अवसर पर श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता जागरूकता का संदेश देते हुए आसपास के क्षेत्रों को साफ सुथरा रखने को भी कहा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजली देने हेतु एनएचपीसी द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएचपीसी द्वारा अपने निगम मुख्यालय सहित सभी कार्यस्थलों में 'स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छता ही सेवा 2023' अभियान 15 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक मनाया गया।

## एनएचपीसी द्वारा 'राष्ट्रीय एकता दिवस' और 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का आयोजन



भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को निगम मुख्यालय और अपने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' और फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का आयोजन किया गया।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी कार्मिकों 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार भी उपस्थित रहे। इस मौके पर एक विशेष कार्यक्रम 'रन फॉर यूनिटी' और 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में एनएचपीसी के कार्मिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

## एनएचपीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला तथा वॉकथॉन का आयोजन किया।

एनएचपीसी द्वारा दिनांक 03.11.2023 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के दौरान 'नुक्कड़ नाटक', मानव श्रृंखला और वॉकथॉन का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक और मानव श्रृंखला का आयोजन मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरीदाबाद के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सतर्कता के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से छात्रों द्वारा स्कूल परिसर से एनएचपीसी निगम मुख्यालय परिसर तक मानव श्रृंखला निकाली गई। मानव श्रृंखला के उपरांत एनएचपीसी निगम मुख्यालय में छात्रों द्वारा सतर्कता जागरूकता पर एक 'नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एनएचपीसी कर्मचारियों के लिए एक वॉकथॉन का भी आयोजन किया गया। वॉकथॉन को एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल और एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकथॉन में बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों और एनएचपीसी कार्मिकों ने भाग लिया।




एनएचपीसी दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है जिसमें निबंध लेखन, वाद–विवाद, कविता पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## एनएचपीसी 'द इकोनॉमिक टाइम्स एचआर वर्ल्ड एक्सेप्शनल एम्प्लोई एक्सपीरियंस अवार्ड 2023' से सम्मानित



एनएचपीसी ने 'लार्ज स्केल एंटरप्राइज' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'द इकोनॉमिक टाइम्स एचआर वर्ल्ड एक्सेप्शनल एम्प्लॉई एक्सपीरियंस अवार्ड 2023 (ईटी एचआर वर्ल्ड ईएक्स अवार्ड्स)' जीता है। यह पुरस्कार 22 नवंबर, 2023 को बेंगलुरु में ईटी एचआर वर्ल्ड द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार एनएचपीसी को अपने कार्मिक केंद्रित मानव संसाधन पहलों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया है। ये पहलें न केवल कार्मिकों तक ही सीमित हैं, बल्कि उनके परिवारों तक भी विस्तारित हैं। यह पुरस्कार एनएचपीसी की संगठनात्मक संस्कृति के लिए भी एक मान्यता है, जो कठिन भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद अपने कार्मिकों को उनकी सेवा के लिए पोषित कर रही है। साथ ही एनएचपीसी उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात अच्छी देखभाल और सहायता भी प्रदान कर रही है।

एनएचपीसी अपने कार्मिकों के अनुभव से प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। कार्मिकों का यह प्रदर्शन विभिन्न मानव संसाधन पहलों जैसे कार्मिक केंद्रित योजनाओं, कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए बहुआयामी पुरस्कार योजना, कौशल उन्नयन, ज्ञानार्जन और विकास पहलों आदि से पोषित हैं।

## एनएचपीसी 'पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2023' के दौरान 'वार्षिक रिपोर्ट' श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित




एनएचपीसी ने 'पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2023' की 'वार्षिक रिपोर्ट' श्रेणी के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 25 से 27 नवंबर, 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जनसंपर्क महोत्सव के दौरान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार एनएचपीसी की वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 की समग्र उच्च गुणवत्ता, लेआउट और डिजाइन को मान्यता देता है।

## एनएचपीसी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2023 में पुरस्कार मिला




एनएचपीसी को आवंटित राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागियों में से, मध्य प्रदेश के मास्टर आवेज आलम को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह 2023 के दौरान राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में ग्रुप 'ए' श्रेणी के अंतर्गत 'प्रशंसा पुरस्कार' प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उनकी चित्रकला प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शित प्रतिभा और जागरूकता को मान्यता देता है। मास्टर आवेज आलम माई वर्ल्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, जहांगीराबाद (मध्य प्रदेश) में कक्षा-6 के छात्र हैं।

विज्ञान भवन, नई दिल्ली में दिनांक 14.12.2023 को आयोजित समारोह में मास्टर आवेज आलम ने पुरस्कार प्राप्त किया है। भारत की माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं। मास्टर आवेज आलम ने यह पुरस्कार श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री के कर–कमलों से प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण पाल, माननीय विद्युत राज्य मंत्री, भारत सरकार और श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार भी उपस्थित थे।

एनएचपीसी ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख में राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की थीं, जबकि मध्य प्रदेश में चित्रकला प्रतियोगिता एनएचडीसी लिमिटेड (एनएचपीसी और मध्य प्रदेश सरकार की संयुक्त उद्यम) के माध्यम से आयोजित की गई थी।

## संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संपर्क कार्यालय, कोलकाता का राजभाषा निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने माननीय सांसद एवं समिति की सह संयोजिका श्रीमती रंजनबेन भट्ट की अध्यक्षता में एवं माननीय सासंद (राज्य सभा) श्री सुशील कुमार गुप्ता की उपस्थिति में दिनांक 28.12.2023 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में एनएचपीसी के संपर्क कार्यालय, कोलकाता के साथ राजभाषा संबंधी निरीक्षण बैठक की।




निगम की ओर से निरीक्षण बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय सिलिगुड़ी के कार्यपालक निदेशक श्री अनिल कुमार दाश एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) व प्रभारी (राजभाषा) श्री प्रिय रंजन उपस्थित हुए और समिति को संपर्क कार्यालय, कोलकाता में राजभाषा कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

इस अवसर पर माननीय सांसद एवं समिति की सह संयोजिका श्रीमती रंजनबेन भट्ट ने सरकारी कामकाज में राजभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संसदीय राजभाषा समिति एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति है जो केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण कर रही है। हम सबका दायित्व है कि सभी सरकारी कार्य हिंदी में ही करें। उन्होंने यह भी कहा कि एनएचपीसी द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। समिति ने राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश भी दिए जिसके अनुसरण में माननीय समिति को संपर्क कार्यालय, कोलकाता की ओर से राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निर्देशों के अनुपालन हेतु आश्वासन दिया गया।

तत्पश्चात् माननीय समिति द्वारा संपर्क कार्यालय, कोलकाता को पुस्तक और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

# हिंदी पखवाड़ा-2023 के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन



निगम मुख्यालय में 14 से 29 सितम्बर, 2023 तक हिंदी पखवाड़े का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय के वातावरण को ''राजभाषामय'' बनाने के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार मुख्यालय भवन के सभी तलों पर हिंदी के प्रचार–प्रसार संबंधी आकर्षक बैनर एवं महापुरूषों के विचार संबंधी आकर्षक पोस्टर लगाए गए।

हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 14 सितंबर, 2023 को पुणे , महाराष्ट्र में आयोजित हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में निदेशक (परियोजनाएं), महाप्रबंधक (मानव संसाधन)–प्रभारी (राजभाषा), राजभाषा संवर्ग व राजभाषा कार्यान्वयन कार्य से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया।

हिंदी पखवाड़े के अवसर पर निगम के कार्मिकों को हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय की ओर से एक संदेश भी जारी किया गया। हिंदी पखवाडे के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी से किया गया। हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन निदेशक (परियोजनाएं) व निदेशक(कार्मिक) महोदय के कर–कमलों से किया गया। इस प्रदर्शनी में 09 प्रतिष्ठित प्रकाशकों ने नवीनतम हिंदी पुस्तकों का प्रदर्शन किया। इसके बाद निगम मुख्यालय में पदस्थ महाप्रबंधकों एवं इससे उच्च स्तर के अधिकारियों के लिए ऑनलाइन राजभाषा हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन से किया गया। इसके अतिरिक्त निगम मुख्यालय में पदस्थ सभी स्तर के कार्मिकों के लिए हिंदी नोटिंग ड्राफ्टिंग, हिंदी शब्दावली व अनुवाद, हिंदी प्रश्नोत्तरी, हिंदी भाषण, राजभाषा कार्यों का प्रदर्शन व काव्य पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता में कवि विनय विनम्र तथा श्री अनिल कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा), विद्युत मंत्रालय को निर्णायक मंडल के सदस्य के तौर पर आमंत्रित किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत कविताओं ने सभी को आनन्द और उत्साह से भर दिया। कवि विनय विनम्र ने अपनी ओज पूर्ण कविताओं से प्रतिभागियों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने इस काव्य पाठ प्रतियोगिता को एक यादगार उपलब्धि बताया तथा इसकी भरपूर सराहना की। कार्मिकों के परिवार के सदस्यों के बीच हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 24 सितंबर, 2023 (रविवार) को बच्चों एवं महिलाओं के लिए भी हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिसमें महिलाओं और बच्चों ने पूरे उत्साह भाग लिया।

# संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संपर्क कार्यालय, लखनऊ का वाराणसी में राजभाषा निरीक्षण



संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने माननीय सांसद एवं समिति की संयोजिका श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी की अध्यक्षता में दिनांक 30.11.2023 को वाराणसी, उत्तर प्रदेश में एनएचपीसी के संपर्क कार्यालय, लखनऊ के साथ राजभाषा संबंधी निरीक्षण बैठक की।

उक्त निरीक्षण के दौरान समिति के माननीय सदस्यगण–माननीय सांसद (लोक सभा) श्रीमती रंजनबेन भट्ट, माननीय सासंद (लोकसभा) श्री मनोज तिवारी, माननीय सासंद (राज्य सभा) श्री सुशील कुमार गुप्ता और माननीय सांसद (राज्य सभा) श्रीमती संगीता यादव तथा समिति सचिवालय के अधिकारी भी उपस्थति थे।

इस अवसर पर निगम के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल के नेतृत्व में माननीय समिति के सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) श्री लूकस गुड़िया, संपर्क कार्यालय, लखनऊ के महाप्रबंधक (यांत्रिक) श्री राजेश कुमार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) व प्रभारी (राजभाषा) श्री प्रिय रंजन एवं महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रमेश कुमार वर्मा उपस्थित थे। स्वागत के उपरांत माननीय समिति के साथ बैठक में संपर्क कार्यालय, लखनऊ के कार्यालय प्रमुख महाप्रबंधक (यांत्रिक) श्री राजेश कुमार एवं निगम मुख्यालय से महाप्रबंधक (मानव संसाधन) व प्रभारी (राजभाषा) श्री प्रिय रंजन ने भाग लिया और समिति को संपर्क कार्यालय, लखनऊ में राजभाषा कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

इस अवसर पर उप समिति के सदस्य माननीय सांसद (राज्य सभा) श्री सुशील कुमार गुप्ता ने सरकारी कामकाज में राजभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राजभाषा संसदीय समिति एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति है जो केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण कर रही है। हम सबका दायित्व है कि सभी सरकारी कार्य हिंदी में करें। उन्होंने आगे कहा कि एनएचपीसी द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। समिति ने राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश भी दिए जिसके अनुसरण में माननीय समिति को संपर्क कार्यालय, लखनऊ की ओर से राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निर्देशों के अनुपालन हेतु आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात् माननीय समिति द्वारा संपर्क कार्यालय, लखनऊ को पुस्तक और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।

## संसदीय राजभाषा समिति द्वारा एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत, चमेरा-I पावर स्टेशन एवं पार्बती-II जलविद्युत परियोजना का राजभाषा निरीक्षण




माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने दिनांक 04.10.2023 को धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में एनएचपीसी के 03 कार्यालयों का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण बैठक की। उक्त निरीक्षण के दौरान समिति की माननीय सदस्यगण-माननीय सांसद (लोक सभा) श्रीमती रंजनबेन भट्ट और माननीय सांसद (राज्य सभा) श्रीमती संगीता यादव तथा समिति सचिवालय के अधिकारी भी उपस्थति थे।

इस बैठक में एनएचपीसी की ओर से श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री लूकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.), श्री निर्मल सिंह, कार्यपालक निदेशक (पार्बती-II परियोजना), श्री रमेश मुखिया, कार्यपालक निदेशक (बनीखेत क्षेत्र), श्री रजनीश अग्रवाल, समूह महाप्रबंधक चमेरा-I पावर स्टेशन, श्री प्रिय रंजन, महाप्रबंधक (मा.सं.) व प्रभारी (राजभाषा) तथा विद्युत मंत्रालय के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उप समिति की सदस्य माननीय सांसद (लोक सभा) श्रीमती रंजनबेन भट्ट ने एनएचपीसी में राजभाषा कार्यान्वयन के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि हिंदी का महत्व हमारे देश में दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। अतः हिंदी का प्रचार–प्रसार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। समिति ने राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। बैठक के अंत में माननीय समिति को एनएचपीसी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.),फरीदाबाद की वर्ष 2023-24 की द्वितीय छमाही बैठक की रिपोर्ट




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद की वर्ष 2023–24 की द्वितीय छमाही बैठक श्री उत्तम लाल, माननीय निदेशक (कार्मिक) एनएचपीसी लिमिटेड व पीठासीन अध्यक्ष, नराकास फरीदाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 27.12.2023 को अपराह्नः 03:00 बजे, सम्मेलन कक्ष, पंचम तल, नीर शक्ति सदन, एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में आयोजित की गई। इस बैठक में नराकास के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख और राजभाषा कार्यान्वयन से जुड़े अधिकारियों सहित कुल 53 कार्मिक उपस्थति हुए।

बैठक में सर्वप्रथम महाप्रबंधक (मानव संसाधन)–प्रभारी राजभाषा एवं सदस्य सचिव, नराकास फरीदाबाद द्वारा अध्यक्ष महोदय तथा बैठक में भाग ले रहे सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों और उपस्थति सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया।

सदस्य सचिव, नराकास द्वारा सदस्य कार्यालयों से प्राप्त 30 सितंबर 2023 को समाप्त अवधि की छमाही रिपोर्ट के आधार पर सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात, नराकास के सभी सदस्य कार्यालय प्रमुखों द्वारा राजभाषा हिंदी का उत्तरोत्तर प्रयोग बढाने के संबंध में अपने विचार व सुझाव प्रस्तुत किए गए।

बैठक के दूसरे चरण में माननीय पीठासीन अध्यक्ष, नराकास (का.), फरीदाबाद द्वारा नराकास राजभाषा शील्ड (2022-23) के विजेता कार्यालयों को शील्ड तथा प्रशसति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही दिनांक 16.10.2023 से 27.10.2023 तक नराकास फरीदाबाद के तत्वावधान में आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए माननीय अध्यक्ष, नराकास (का.), फरीदाबाद द्वारा नराकास राजभाषा शील्ड (2022-23) के विजेता कार्यालयों को बधाई दी और अन्य सदस्य कार्यालयों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे भी उनसे प्रेरणा लेकर आगामी वर्ष में राजभाषा शील्ड जीतने का प्रयास करेंगे। सभी कार्यालयों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर 'क' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करें ताकि नराकास फरीदाबाद को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नराकासों की श्रेणी में ला सकें और उत्कृष्ट नराकास का पुरस्कार भी प्राप्त कर सकें। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने सभी उपस्थित कार्यालय प्रमुखों तथा राजभाषा अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव वर्ष में भी हम राजभाषा के क्षेत्र में और अधिक अच्छा कार्य करने की प्रेरणा और संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

## नराकास (का.), फरीदाबाद के तत्वावधान में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन




नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.), फरीदाबाद द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। नराकास (का.) फरीदाबाद के सभी सदस्य कार्यालयों के कार्मिकों हेतु दिनांक 16 अक्तूबर 2023 से 27 अक्तूबर 2023 तक कुल 05 हिंदी प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया।

सभी प्रतियोगिताओं का संचालन नराकास (का.) फरीदाबाद के सदस्य सचिव श्री प्रियरंजन, महाप्रबंधक (मानव संसाधन व राजभाषा), एनएचपीसी लिमिटेड के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न कार्यालयों के कुल 204 कार्मिकों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इससे पूरे सप्ताह हिंदीमय वातावरण बना रहा। साथ ही प्रतिभागियों ने इसे काफी रोचक तथा उत्साहवर्धक बताया।

उक्त प्रतियोगिताओं के 44 विजेता प्रतिभागियों को दिनांक 27 दिसंबर 2023 को आयोजित नराकास फरीदाबाद की दूसरी छमाही बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया।

# एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

## रक्त दान शिविर का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा 28 सितम्बर 2023 को "जीते जी रक्त दान, मृत्यु के बाद अंगदान" थीम पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। एनएचपीसी कार्मिकों, सीआईएसएफ जवानों एवं अन्य कार्यालयों के कर्मियों ने इस अवसर पर रक्त दान किया। डा. नीति दत्त एवं उनकी मेडिकल टीम द्वारा एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय की मेडिकल टीम के सहयोग से रक्त दान शिविर का संचालन किया गया और जरुरतमंद लोगो के लिए ब्लड एकत्रित किया गया।

श्री बिक्रम सिंह, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने औपचारिक रूप से ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होने कहा कि रक्त दान शिविर का आयोजन हमारे सामाजिक दायित्वों को पूरा करने का एक सार्थक प्रयास है। रक्तदान एक पवित्र कार्य है और प्रचलित परिदृश्य में यह सबसे अच्छा योगदान है जो हम समाज को प्रदान कर सकते है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन हमारी मानवता के प्रति सोच और समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर श्री पे.सत्यमूर्थि, महाप्रबंधक (मा. स.), डा. आर.एस.राठी, सीएमओ, डा. कर्मवीर हंस, डीसीएमओ अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित



एनएचपीसी, क्षेत्रीय कार्यालय, नरवाल, जम्मू में दिनांक 29.09.2023 को हिन्दी पखवाड़ा 2023 का समापन समारोह आयोजित किया गया। श्री बिक्रम सिंह, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू की अध्यक्षता मे समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री बिक्रम सिंह, कार्यपालक निदेशक ने सभी से हिन्दी मे अधिक से अधिक कार्यालययीन कार्य करने की अपील की और कहा कि आप सभी हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करते हुए अपने साथियों को भी प्रेरित करते रहें। श्री बिक्रम सिंह ने कहा कि हिंदी में काम को किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना है अपितु, हर क्षेत्र में हिंदी कार्य बढ़ाना है। हमें हिंदी में काम करने की इच्छा शक्ति को प्रबल करनी होगी।

श्री बिक्रम सिंह द्वारा हिन्दी पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। एनएचपीसी कार्मिक श्री नरेश कुमार की सुपुत्री सूश्री अमिषा अबरोल को कक्षा 10 मे हिंदी मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही साथ विभिन्न विभागो को राजभाषा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 14 सितम्बर 2023 से 29 सितम्बर 2023 तक किया गया। हिंदी पखवाडा के दौरान हिन्दी शब्दावली, नोटिंग / ड्राफ्टिंग, श्रुतलेख, काव्य पाठ और टाइपिंग प्रतियोगिताओं और पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें बड़े पैमाने पर कार्मिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री पे. सत्यमूर्थि, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री राजन जैरथ, महाप्रबंधक (सिविल), अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।


www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited

## "स्वच्छता ही सेवा" का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू मे दिनांक 25.09.2023 से 02.10.2023 तक "स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छ्ता ही सेवा" का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

"स्वच्छता ही सेवा" का प्रारम्भ दिनांक 25 सितम्बर 2023 को स्वच्छता शपथ लेने के साथ हुआ। श्री बिक्रम सिंह, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू के नेतृत्व मे सभी अधिकारियों और कर्मचारियो ने स्वच्छता शपथ ली।

"स्वच्छता ही सेवा" के दौरान कार्मिको ने अपने केबिन और कमरो मे साफ–सफाई की। कार्यालय परिसर, गेस्ट हाउस और कार्यालय के आस–पास स्थित सार्वजनिक स्थलो पर साफ–सफाई का आयोजन किया गया । इस क्रम मे दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को एक तारीख, एक घंटा, एक साथ, स्वच्छता मुहिम मे भागीदारी करते हुए कार्मिकों ने रेलवे रोड पर साफ-सफाई का कार्य किया। इस दौरान कार्मिको के बच्चों ने भी इस अभियान मे उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री बिक्रम सिंह, कार्यपालक निदेशक महोदय दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को श्री राजन जेरथ, ग्रुप महाप्रबंधक (सिविल) और श्री हरीश बुलचंदानी, परियोजना प्रमुख, सावलकोट एच.ई. प्रोजेक्ट के साथ सावलकोट एच.ई.परियोजना द्वारा आयोजित स्वछता मुहिम मे भागीदारी की।

श्री बिक्रम सिंह जी ने स्वच्छता मुहिम को आगे बढाते हुए दिनांक 29.09.2023 को अपेक्षाकृत कम आय वर्ग के लोगो के बीच जूट बैग का वितरण किया ताकि इससे प्लास्टिक के थैले का प्रयोग बंद करने की मुहिम को बल मिल सके। इस अवसर पर अपने सम्बोधन मे श्री बिक्रम सिंह जी ने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मष्तिक का वास होता है। हमें अपने आस–पास के परिवेश को भी स्वच्छ रखना होगा तभी हम स्वस्थ समाज के सपने को साकार कर सकते है। स्वच्छता मुहिम एक नेक मुहिम है और हम सभी को इसमे भागीदारी करनी होगी।

इस अवसर पर श्री राजन जेरथ, ग्रुप महाप्रबंधक (सिविल), श्री पे. सत्यमूर्थि, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री एस.के.जेना, महाप्रबंधक (वित्त), डा.आर.एस.राठी, सीएमओ,अधिकारी व कर्मचारी गण भी उपस्थित थे।

# एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत

## श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) तथा श्री लूकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) का दौरा





श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय तथा श्री लूकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) महोदय ने दिनांक 06.10.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का दौरा किया। निदेशक (कार्मिक) महोदय तथा कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) महोदय के क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत आगमन पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया।

इसके उपरांत निदेशक (कार्मिक) महोदय को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में तैनात हिमपेसको के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय, श्री लूकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) महोदय तथा श्री रमेश मुखिया, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रांगण में पौधरोपण किया।

अपने दौरे के दौरान श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय ने क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के ऑडिटोरियम में क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ औपचारिक परिचय किया तथा उपस्थित कार्मिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम श्री रमेश मुखिया, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें अपने सम्बोधन में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) तथा श्री लूकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) का क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में आगमन पर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने आगे कहा कि हमें एनएचपीसी लिमिटेड व देश की तरक्की के लिए सकारात्मक सोच के साथ सामूहिक प्रयास करने चाहिए। उन्होने बनीखेत क्षेत्र में तीस्ता बेसिन जैसी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए आवश्यक एहतियातन सुरक्षा उपाय अपनाने पर भी बल दिया।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) महोदय ने कार्मिकों को अपने सम्बोधन के आरंभ में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के समस्त स्टाफ की राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे शत–प्रतिशत कार्य के लिए प्रशंसा की तथा कहा कि हिन्दी पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है और राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए हमें अधिकाधिक

कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिन्दी में करना चाहिए।

निदेशक (कार्मिक) महोदय ने एनएचपीसी के दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों में स्थित विभिन्न पावर स्टेशनों में विषम परिस्थितियों में भी दृढ़निश्चय के साथ अपने कार्य पर डटे युवा अभियन्ताओं की प्रशंसा की तथा कहा कि एनएचपीसी में कार्यरत युवा अभियन्ताओं के अपने काम के प्रति इस प्रकार के जज़्बे से एनएचपीसी लिमिटेड निश्चित ही सफलताओं की बुलंदियों को छूएगा।

निदेशक (कार्मिक) महोदय ने आगे कहा कि हम सभी को एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ एनएचपीसी लिमिटेड की तरक्की के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने चाहिए तथा हम सभी को प्रोजेक्ट्स तथा पावर स्टेशन में कार्यरत कार्मिकों की बेहतरी के लिए एक सकारात्मक दृष्टि के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होने हाल ही में तीस्ता बेसिन में बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में अवगत कराते हुए आग्रह किया कि हम सबको इस त्रासदी से सबक लेना चाहिए और बनीखेत क्षेत्र में स्थित अपनी परियोजनाओं तथा पावर स्टेशनों में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु आवश्यक निवारक उपाय अपनाने होंगे ताकि प्राकृतिक आपदा के समय परियोजनाओं / पावर स्टेशनों को कोई नुकसान ना हो। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के समस्त स्टाफ को एनएचपीसी लिमिटेड को तरक्की की राह पर और आगे ले जाने हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

अपने दौरे के दौरान निदेशक (कार्मिक) महोदय तथा कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) ने क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के राजभाषा कार्यों का निरीक्षण भी किया तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा किए जा रहे राजभाषा कार्यों की प्रशंसा की।

## स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छता ही सेवा-2023 के अंतर्गत सफाई अभियान का आयोजन




स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छता ही सेवा–2023 के दौरान दिनांक 27.09.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में कार्यालय के आसपास वृहद सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों तथा प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) द्वारा कार्यालय के आसपास विभिन्न प्रकार के कूड़े सफाई की गई तथा सफाई के दौरान एकत्रित कूड़े का उचित तरीके से निपटान किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों तथा प्रशिक्षुओं को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा गील व सूखे कचरे के उचित निपटान से संबन्धित जानकारी भी दी गई।

## राष्ट्रीय एकता दिवस-2023 तथा फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन




निगम मुख्यालय फरीदाबाद से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में दिनांक 31.10.2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में राष्ट्रीय एकता दिवस तथा फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री देवेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (वित्त) महोदय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों, सुरक्षा कर्मियों, प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सिविल) महोदय तथा महाप्रबंधक (वित्त) महोदय नें सभी कार्मिकों से राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने के लिए आह्वान किया।

उसके पश्चात श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री देवेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (वित्त) महोदय की अगुवाई में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का शुभारम्भ किया गया। फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों, प्रशिक्षुओं (अप्रेंटिस) तथा सुरक्षा कर्मियों नें बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

## Basic Life Support (CPR) & First Aid विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा BLK Max Super Speciality Hospital, New Delhi के सहयोग से दिनांक 30.11.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों के लिए Basic Life Support (CPR) & First Aid विषय पर अर्धदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान BLK Max Super Speciality Hospital, New Delhi से आए विशेषज्ञों / डॉक्टर / प्रशिक्षकों द्वारा आपातकालीन स्थितियों जैसे कार्डियक अरैस्ट, दुर्घटना की स्थिति में व्यक्ति को न्यूनतम संसाधनों में बुनियादी चिकित्सा सहायता प्रदान करने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों को आपातकालीन जीवन रक्षक प्रक्रिया CPR प्रदान करने के बारे में विस्तार से बताया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित कार्मिकों को CPR पद्धति को उपयोग करने के बारे में Hands-on प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रशिक्षकों द्वारा सड़क, कार्यस्थल या किसी भी प्रकार की दुर्घटना के उपरांत घटनास्थल पर जख्मी, बेहोश मरीजों को First Aid प्रदान करने के तरीकों के बारे में भी बताया गया तथा दुर्घटना के उपरांत घायलों को प्रारम्भिक उपचार देते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री देवेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (वित्त), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री राजेश कुमार गुप्ता, सी.एम.ओ., क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत, BLK Max Super Speciality Hospital, New Delhi के प्रशिक्षक डॉक्टर तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी की वर्ष-2023 की दूसरी छमाही बैठक का आयोजन

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जिला चम्बा में गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी की वर्ष : 2023 की दूसरी छमाही बैठक का आयोजन दिनांक 29.11.2023 को एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में किया गया। बनीखेत कार्यालय में इस बैठक की अध्यक्षता श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी ने की। इनके साथ श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री देवेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (वित्त) और श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी एवं अन्य कार्यालय प्रमुखों द्वारा नराकास, डलहौजी की वार्षिक राजभाषा पत्रिका 'हिम भाषा' के दसवें अंक का विमोचन भी किया गया और साथ ही इस अवसर पर नराकास, डलहौजी के स्तर पर वर्ष 2024 के लिए स्वतंत्रता सेनानियों की फोटो वाले डैस्क केलेंडर का विमोचन भी इसी बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया।

बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में सभी सदस्य कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह नराकास 'क' क्षेत्र में स्थित है और भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों को अपना सरकारी कार्य शत–प्रतिशत हिंदी में ही करना होता है, इसलिए हमारा दायित्व और भी बढ़ जाता है। अतएव कार्मिकों में हिंदी के प्रति रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि नराकास की बैठक में सभी सदस्य कार्यालय प्रमुख और हिंदी अधिकारी व हिंदी कार्य देख रहे अधिकारी भी आवश्यक रूप से भाग लें ताकि बैठक को सार्थक बनाया जा सके।

इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी के जिन सदस्यों कार्यालयों में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, उन्हें अध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा शील्ड प्रदान करके सम्मानित किया गया।

इस बैठक में जिला चम्बा में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए विभिन्न मदों पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, डलहौजी के सदस्य सचिव, श्री देश राज ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राजभाषा के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्यतः नराकास का गठन, उद्देश्य, संचालन, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, राजभाषा पत्रिका 'हिम भाषा' का प्रकाशन, नराकास स्तर पर हिंदी कार्यशालाओं और काव्य संगोष्ठी आदि का आयोजन तथा राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित करने संबंधी महत्वपूर्ण मदों पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला चम्बा में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों / उपक्रमों / बैंकों के प्रमुखों, प्रतिनिधियों एवं हिंदी अधिकारियों ने भाग लिया।

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन ।



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा सिविल हॉस्पिटल डलहौजी के सहयोग से दिनांक 24.11.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के चिकित्सालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर का उदघाटन श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कर कमलों द्वारा फीता काट कर किया गया।

श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत एवं डॉ. विपिन ठाकुर का स्वागत डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत एवं उनकी टीम द्वारा प्लांटर देकर किया गया

श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें उपस्थित कार्मिकों तथा स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत आसपास स्थित गाँवों के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय–समय पर चिकित्सा शिविरों के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाता रहता है तथा आज का ये नेत्र जांच शिविर एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के इसी प्रयास की एक कड़ी है। कार्यपालक निदेशक महोदय नें नेत्र जांच शिविर में उपस्थित सभी लोगों को शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सम्बोधन के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में नेत्र जांच शिविर के आयोजन में सहयोग के लिए उपस्थित डॉ० विपिन ठाकुर, नेत्र शल्य चिकित्सक एवं प्रभारी–सिविल हॉस्पिटल डलहौजी तथा उनकी टीम का धन्यावाद किया।

नेत्र जांच शिविर में 115 लोगों, जिसमें नियमित कार्मिक, संविदा कार्मिक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के आसपास स्थित गावों के लोग तथा स्कूली बच्चे शामिल है, का सिविल अस्पताल डलहौजी के डॉक्टरों द्वारा गहन नेत्र जांच की गई तथा जांच के उपरांत निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

रक्तदान शिविर के दौरान श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक महोदय के अलावा सिविल अस्पताल डलहौजी से नेत्र चिकित्सा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## संविधान दिवस का आयोजन




निगम मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कार्मिकों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय ने सभी कार्मिकों को भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों ने भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर भी भारतीय संविधान की उद्येशिका पढ़ी तथा भारतीय संविधान के ऊपर आधारित ऑनलाइन क्विज में भाग लिया।

## एनएचपीसी CSR & SD योजना के तहत व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं को बांटे प्रमाण पत्र ।



एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के प्रमुख श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक ने दिनांक 22.11.2023 को योग मानव विकास ट्रस्ट, बनीखेत में वर्ष 2022–23 के दौरान एनएचपीसी द्वारा निगमीय सामाजिक दायित्व तथा सतत विकास (CSR & SD) योजना के तहत प्रायोजित विभिन्न ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए आयोजित समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह के दौरान श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक महोदय ने योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत की अध्यक्षा, श्रीमती किरण डोडेजा तथा ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक श्री एस.के. डोडेजा की उपस्थिती में वर्ष 2022–23 के दौरान योग मानव विकास ट्रस्ट से (एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित) तीन विषयों (i) Certificate in Computer Application, ii) Beauty Culture & Hair Care तथा iii) Cutting Tailoring & Dress Making में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी स्थानीय लड़कियों / महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय नें कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा निगमीय सामाजिक दायित्व तथा सतत विकास (CSR & SD) योजना के अंतर्गत वर्ष 2022–23 के दौरान योग मानव विकास ट्रस्ट के माध्यम से स्थानीय लड़कियों / महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से व्यावसायिक प्रशिक्षण करवाया गया था तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने से स्थानीय लड़कियां / महिलाएं बहुत लाभान्वित हुई हैं। कार्यपालक निदेशक महोदय नें आशा जताई की व्यावसायिक प्रशिक्षण स्थानीय लड़कियों / महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से उनकी आय / आजीविका सुधार में बहुत लाभदायक साबित होगा। अंत में योग मानव विकास ट्रस्ट में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी तथा वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही लड़कियों / महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक महोदय नें उपस्थित प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वे यहा से प्रशिक्षण के उपरांत अपने कौशल का उपयोग स्वयं के रोजगार तथा दूसरी महिलाओं को प्रशिक्षित करने में करें जिससे दूसरी महिलाएं भी लाभान्वित हो सकें।

उपरोक्त समारोह के दौरान पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार कर रही विभिन्न लड़कियों / महिलाओं साक्षात्कार के वीडियो को भी प्रदर्शित किया गया जिसमें पूर्व प्रशिक्षुओं नें एनएचपीसी द्वारा योग मानव विकास ट्रस्ट के माध्यम से करवाए गए निःशुल्क प्रशिक्षण की तारीफ की और कहा की उक्त प्रशिक्षण से उन्हें अपने स्किल्स को बढ़ाने में काफी मदद मिली है तथा अब वे स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की आर्थिक रूप से मदद कर पा रही हैं। उन्होने उक्त प्रशिक्षण के लिए एनएचपीसी लिमिटेड तथा योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत का धन्यावाद व्यक्त किया।

उक्त समारोह में श्री काजल साहा, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के साथ साथ श्रीमती किरण डोडेजा, अध्यक्षा, योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत, श्री एस.के. डोडेजा, मुख्य संरक्षक, योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत, चमेरा पावर स्टेशन-I के परियोजना प्रभारी श्री रजनीश अग्रवाल, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत से श्री अमरीक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल), श्री देवेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक (वित्त) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## Fire & Safety विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा दिनांक 09.12.2023 को अग्निशमन विभाग बनीखेत / डलहौजी के सहयोग से क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में Fire & Safety विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग, बनीखेत / डलहौजी से आए अधिकारियों द्वारा आस–पास आग लगने की स्थिति में आग पर काबू पाने तथा घायलों / आग से झुलसे व्यक्तियों को दुर्घटनास्थल से सुरक्षित निकालने तथा सहायता व प्रदान करने के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों नें घरेलू व कार्यस्थल पर विभिन्न प्रकार के पदार्थों जैसे लकड़ी, तेल / केमिकल, घरेलू एलपीजी गैस इत्यादि में आग लगने की स्थिति में अग्निशमन के लिए उपयोग किए जाने वाली विभिन्न आधुनिक तकनीकों तथा A, B व C Type के Fire Extinguishers को उपयोग करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

# बैरा स्यूल पावर स्टेशन

## राष्ट्रीय एकता दिवस एवं फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन

बैरा स्यूल पावर स्टेशन में सरदार बल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर दिनांक 31 अक्तूबर,2023 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री के.टी. राजा पांडियन ने एनएचपीसी के सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। उसके पश्चात पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने प्रशासनिक भवन, सुरंगानी से झंडी दिखाकर फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का शुभारम्भ किया। यह फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 पावर स्टेशन के प्रशासनिक भवन से पावर हाऊस तक आयोजित की गई। इस फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 के आयोजन में पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संविदा कर्मियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।



# एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़

## स्वच्छता पखवाडा-स्वच्छता ही सेवा-2023 का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में कार्यपालक निदेशक, चंडीगढ़ श्री निर्मल सिंह की अगुवाई में दिनांक 25 सितम्बर,2023 से 02 अक्टूबर,2023 तक देश के राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी को समर्पित 'स्वच्छता पखवाडा–स्वच्छता ही सेवा 2023' मनाया गया। इसके अन्तर्गत दिनांक 25.09.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्मिकों द्वारा स्वच्छता शपत ग्रहण की गई। इसी अनुक्रम में दिनांक 27.09.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्मिकों ने क्षेत्रीय कार्यालय कार्यालय परिसर, सेटर 31। के आस पास के क्षेत्र की बढ़ चढ़ कर सफाई की एवं स्वच्छता बनाये रखने में पूर्ण योगदान दिया तथा दिनांक 01.10.2023 को सेक्टर 42, सेक्टर 43 एवं सेक्टर 35 के आवासीय परिसर, गेस्ट हाउस एवं आस पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान दिया।

## फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन



एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा आज दिनांक 30.10.2023 (सोमवार) को सेक्टर 42 में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह की अगुवाई में क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के समस्त कार्मिक एवं उनके परिजनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने सभी प्रतिभागियों को जीवन में स्वच्छता, व्यायाम एवं दौड़ का महत्त्वता बताते हुए उसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रतीत किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय की धर्मपत्नी श्रीमती हरजिंदर कौर, महाप्रबंधक (विधि) श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक (वित्त) श्री महेश्वर पात्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह का आयोजन



निगम मुख्यालय के निर्देशानुसार एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में अक्टूबर माह में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह–2023 मनाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के विभिन्न मुख्य स्थानों पर साइबर सुरक्षा जागरुकता संबंधी पोस्टर का प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में आईटी विभाग द्वारा कार्मिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी बताई गई एवं जागरूक किया गया तथा कार्मिकों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी कार्मिकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्तूबर से 05 नवंबर तक मनाया



एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्तूबर से 5 नवंबर तक मनाया गया जिसका समापन दिनांक 06 नवंबर 2023 को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक (विधि) व श्री महेस्वर पात्रा, महाप्रबंधक (वित्त) द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह में बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और एनएचपीसी व देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

## निदेशक (तकनीकी) ने किया क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का दौरा

एनएचपीसी के निदेशक (तकनीकी), श्री राज कुमार चौधरी ने अपने चंडीगढ़ दौरे के दौरान दिनांक 16.11.2023 को क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में शिरकत की। कार्यालय परिसर आगमन पर चण्डीगढ़ के कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह ने निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी का पुष्पगुच्छ देकर एवं शाल–टोपी पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरे के दौरान निदेशक (तकनीकी) ने कार्यालय के समस्त कार्मिकों के साथ बैठक की एवं विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं मार्ग दर्शन किया। उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधीनस्थ विभिन्न परिजनाओं / पॉवर स्टेशन में चल रही विकासात्मक गतिविधियों की सराहना की एवं हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के कारण कठीन परिस्थितियों में कार्य कर रहे कार्मिकों की प्रशंसा भी की। उन्होंने अपने एनएचपीसी के विभिन्न प्रोजेक्ट / पॉवर स्टेशन के अनुभवों को कार्मिकों के साथ साझा किया। साथ ही उन्होंने समस्त कार्मिकों को समर्पण एवं निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा कार्मिकों द्वारा किये जा रहे सभी प्रकार के कार्यों में गुणवत्ता मानक बनाए रखने के लिए अनुरोध एवं प्रेरित किया।



## अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक (महिला व पुरुष) टूर्नामेंट / चयन प्रतियोगिता का आयोजन



क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा अंतर क्षेत्रीय (Inter Region) एथलेटिक (महिला व पुरुष) टूर्नामेंट / चयन प्रतियोगिता का सफल आयोजन, कार्यपालक निदेशक श्री निर्मल सिंह के मागदर्शन में दिनांक 13–14 दिसम्बर' 2023 तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर–7, चंडीगढ़ में किया गया। इस अन्तर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता / चयन प्रतियोगिता में एनएचपीसी की सभी 6 क्षेत्रीय टीम : जम्मू क्षेत्र, बनीखेत क्षेत्र, सिलीगुड़ी क्षेत्र, चंडीगढ़ क्षेत्र, ईटानगर क्षेत्र तथा निगम मुख्यालय के खिलाडियों ने भाग लिया। दिनांक 13 दिसम्बर' 2023 को इस अन्तर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक (विधि) एवं श्री संजय वर्मा महाप्रबंधक (वित्त) द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात सभी खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (विधि) एवं महाप्रबंधक (वित्त) ने सभी प्रतिभागी / खिलाड़ियों को संबोधित किया एवं मनोबल बढाया।

इस दो दिवसीय अन्तर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 12 इवेंट तथा महिला वर्ग में 10 इवेंट आयोजित की गई,जिसमे 100 mtr, 200mtr, डिस्कस थ्रो,जेवलीन थ्रो, हाइ जंप,लॉन्ग जंप ट्रिप्ल जंप, रिले दौड़ आदि आयोजित कराये गए जिसमें सभी खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़ के भाग लिया।

# Vigilance Awareness Week-2023













































www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited

## क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में तीसरी तिमाही हिंदी बैठक

एनएचपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के माननीय कार्यपालक निदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति निर्मल सिंह की अध्यक्षता में वर्ष 2023–2024 की तीसरी तिमाही हिंदी बैठक दिनांक 20.12.2023 को सम्पन्न हुई। अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्य हिंदी में करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी हमारी अस्मिता एवं सांस्कृतिक एकता की द्योतक है, इसलिए हमें इसी में परस्पर संवाद करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हमारे निगम में हिंदी का प्रचार प्रसार अच्छा है, इसे बना कर रखना चाहिए। सभी बैठकों की कार्यवाही हिंदी में की जानी चाहिए तथा उनके कार्यवृत भी हिंदी में जारी किए जाने चाहिए। इस हिंदी बैठक में महाप्रबंधक (विधि व मानव संसाधन) रूबी रैना, महाप्रबंधक (वित्त) संजय वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सरिता खुराना सहित 25 कार्मिकों ने सहभागिता की।




# पार्बती-III पावर स्टेशन

## फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 एवं राष्ट्रीय एकता शपथ का आयोजन




एनएचपीसी लिमिटेड के पार्बती-III पावर स्टेशन ने 31 अक्टूबर को स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की थीम पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन किया। इसी के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर: "राष्ट्रीय एकता शपथ" भी ली गई। सुबह 11.00 बजे श्री प्रकाश चंद, महाप्रबंधक (प्रभारी) ने पावर स्टेशन के कार्मिकों को "राष्ट्रीय एकता शपथ" दिलाई और उसके फ्रीडम रन 4.0 का शुभारंभ प्रतिभागियों को झण्डा दिखाकर किया। फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 की शुरुआत पावर स्टेशन के प्रशासनिक परिसर से व समापन एनएचपीसी कॉलोनी, सपांगनी में किया गया। इस अवसर पर श्री कबिराज नायक, महाप्रबंधक (विद्युत), श्री ए. षनमुगम, महाप्रबंधक (सिविल) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित एनएचपीसी के कार्मिकों, सीआईएसएफ व हिमपेस्को के जवानों तथा स्थानीय लोगों ने बड़े उत्साह के साथ फ्रीडम रन में भाग लिया। फ्रीडम रन की समाप्ति के बाद श्री प्रकाश चंद ने द्वारा दौड़ के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। फ्रीडम रन 4.0 में कुल 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# पार्बती-II जलविद्युत परियोजना

## स्वच्छता के लिए श्रमदान

एनएचपीसी की पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण–II में "स्वच्छता पखवाड़ा–स्वच्छता ही सेवा (SHS)–2023 " का आयोजन दिनांक 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 को किया जा रहा है। इसी पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 01 अक्तूबर 2023 को सुबह 10:00 बजे पार्बती परियोजना के नगवाई कार्यालय परिसर के नजदीक बालू चौंक बस शेलटर के आस–पास सफाई अभियान आयोजन किया गया तथा परियोजना के कर्मचारियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस कार्यक्रम में श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक (यान्त्रिक), श्री साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यान्त्रिक), श्रीमती श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) तथा अन्य कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।



## 'स्वच्छता पखवाड़ा 2023' का आयोजन




एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा–2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसी पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 29 सितंबर 2023 को पार्बती परियोजना के नगवाई कार्यालय परिसर, मणिकरण कार्यालय परिसर व सेंज कार्यालय परिसर में विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों से कचरे का निपटान किया गया।

## इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन




एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II, नगवाई में फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को नगवाई कार्यालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर श्री रणजीत सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिक) ने झन्डा फहरारकर फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का शुभारंभ किया। इस फ्रीडम रन में परियोजना के श्री साजन मोइददीन, महाप्रबंधक (यांत्रिक), अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा संविदा कार्मिको ने भाग लिया।

## एकता दिवस का आयोजन




एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II, नगवाई में दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना के महाप्रबंधक(यांत्रिक) श्री रणजीत सिंह महोदय ने नगवाई कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलवाई गई। इस कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया ।

# एनएचपीसी टनकपुर पावर स्टेशन

## "फिट इंडिया स्वछता फ्रीडम रन" पर 4.0 दौ़ड का आयोजन



टनकपुर पावर स्टेशन में फिट इंडिया स्वछता फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन किया गया निगम मुख्यालय के निर्देशानुपालन में दिनांक 31.10.2023 को टनकपुर पावर स्टेशन में 4.0 स्वछता फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। जिसमें पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास ने अपने संदेश में सभी से सहभागिता निभाने का आह्वान किया उन्होने कहा कि आयोजन में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिए फिट रहने के लिए दौड़ना भी जरूरी है।

इस दौड़ में टनकपुर पावर स्टेशन के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया प्रतिभागियों ने इस दौड़ में बिना थके एक जोश के साथ अपने शारीरिक परिश्रम का परिचय दिया।

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन



टनकपुर पावर स्टेशन में दिनांक 28.10.2023 को गंगशील एडवांस्ड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र जांच शिविर का उदघाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री राजिल व्यास, एवं श्रीमती संगीता व्यास द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया। पावर स्टेशन प्रमुख ने अपने सम्बोधन में शिविर में उपस्थित स्थानीय लोगों एवं एनएचपीसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नेत्रों की उपयोगिता और महत्ता को समझते हुये कहा कि मनुष्य शरीर के मुख्य पाँच अंग हृदय, फेफड़े, गुर्दे, यकृत के अलावा नेत्रों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है, आँखों के बिना इस दुनिया को देख पाना कल्पना मात्र ही कहलाएगी, और हमें रोज अपने आँखों की सुरक्षा नियमित रूप से करनी चाहिए। नेत्र जांच से संबन्धित जागरूकता कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों अधिक से अधिक लोगों को उठाना चाहिए।

पावर स्टेशन में आयोजित नेत्र जांच शिविर कार्यक्रम में गंगशील एडवांस्ड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, बरेली आए डॉक्टर प्रहलाद कुमार तथा सहायक टीम ने भरपूर सहयोग दिया तथा पावर स्टेशन के आस–पास के क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़ कर निःशुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठाया तथा इस एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर में लगभग 153 रोगियों में से 43 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस सफल नेत्र जांच शिविर में एनएचपीसी, टनकपुर पावर स्टेशन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय जनता ने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के नेत्र चिकत्सा शिविर का आयोजन करने हेतु अनुरोध किया। इस अवसर पर पावर स्टेशन के डॉक्टर मीना कुमारी प्रसाद, वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर वी जिशु, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाडा - 2023 – स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत व्यापक सफाई कार्यक्रम का आयोजन




क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ के निर्देशानुसार दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को "स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के तहत् टनकपुर बैराज परिसर पर साफ–सफाई का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पावर स्टेशन प्रमुख, श्री राजिल व्यास, वरिष्ठ अधिकारीगण, बैराज परिसर में कार्यरत्त वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा संविदा कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख,ने सफाई की महत्ता तथा स्वच्छ जल की उपयोगिता व महत्व पर चर्चा की। पावर स्टेशन प्रमुख ने बैराज परिसर को साफ सुथरा बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पावर स्टेशन के बैराज क्षेत्र के गॉव सैलानी गोट के ग्रामीणों के बीच भी चर्चा हुई। इस दौरान पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। ग्रामीणों को स्वच्छ जल पीने के लाभ तथा प्रदूषित पानी के उपयोग से होने वाली विभिन्न बीमारियों जैसे हैजा, डायरिया, त्वचा संबंधी रोग, टायफाइड आदि के बारे में बताया गया। पानी को साफ बनाने के लिए फिल्टर, पानी उबालकर छानना तथा अन्य बाजार में उपलब्ध फिल्टर के बारे में बताया गया।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited

## “सतर्कता जागरूकता अभियान” के अंतर्गत प्रदान की गई निवारक सतर्कता तथा PIDPI संबंधी जानकारी



एनएचपीसी के टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा, में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देशानुसार "सतर्कता जागरूकता अभियान" के अंतर्गत निवारक सतर्कता तथा लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प (PIDPI) के संबंध में 17 अक्टूबर, 2023 को श्री पीयूष कुमार कुलश्रेष्ठ, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन के मार्गदर्शन में परियोजना सतर्कता अधिकारी, श्री शिव कुमार श्रीवास्तव के संचालन में केन्द्रीय विद्यालय नं.–2 के छात्रों द्वारा चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं ग्रामसभा बनबसा में ग्रामीणों को निवारक सतर्कता (PIDPI) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की और इस संकल्प के संबंध में जागरूक किया।

17 अक्टूबर को श्री पीयूष कुमार कुलश्रेष्ठ, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन ने निवारक सतर्कता तथा पीडीपी के बारे में उपस्थित ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान टनकपुर पावर स्टेशन, बनबसा के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

ज्ञात हो की PIDPI का संबंध ऐसे शिकायतकर्ताओं के संरक्षण से है जो भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के मामले में अपनी पहचान उजागर नहीं करना चाहते हैं।

# एनएचपीसी टीएलडी IV पावर स्टेशन

## निदेशक (कार्मिक) का टीएलडी IV पावर स्टेशन का दौरा



निदेशक (कार्मिक) निगम मुख्यालय, एनएचपीसी श्री उत्तम लाल एवं कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) निगम मुख्यालय श्री लुकास गुड़िया ने 11 दिसम्बर 2023 को तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन का दौरा किया उनके साथ कार्यपालक निदेशक, श्री ललितेंदू कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। तीस्ता लो डैम IV पावर स्टेशन पहुँचने पर समूह महाप्रबंधक व परियोजना प्रमुख तीस्ता लो डैम-III एवं IV श्री ओमप्रकाश ने खादा एवं पौधा देकर उनका स्वागत और अभिनन्दन किया।

अपने दौरे के दौरान निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल ने पावर स्टेशन के बारे में जानकारी ली। विशेष तौर पर विगत माह आए बाढ़ के बाद पावर स्टेशन की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा हुई तथा उन्होने परियोजना प्रमुख तीस्ता लो डैम-III एवं IV श्री ओमप्रकाश के साथ साथ सभी कार्मिकों के प्रयास की प्रशंसा की। श्री ओमप्रकाश ने पावर स्टेशन में हो रहे कार्यों से उन्हें अवगत कराया। निदेशक कार्मिक श्री उत्तम लाल ने तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन के कार्मिकों से चर्चा के दौरान उनकी समस्यों को सुना तथा उसके समाधान के प्रयास जल्द करने पर बल दिया। पावर स्टेशन में हो रहे विभिन्न गतिविधियों तथा क्षेत्र की प्रगति के लिए एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की उन्होनें सराहना की।

निदेशक कार्मिक श्री उत्तम लाल ने सभी उपस्थित कार्मिकों को एनएचपीसी के लिए समर्पण व निष्ठा से कार्य करने के लिए तथा देश के प्रगति में अपनी भूमिका और सशक्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख तीस्ता लो डैम-III एवं IV श्री ओमप्रकाश के साथ महाप्रबंधक (विद्युत) श्री गुरशरन सिंह तथा तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनएचपीसी तीस्ता-V पावर स्टेशन

## एनएचपीसी ने मुख्यमंत्री राहत कोष, सिक्किम में 3 करोड़ रुपये का योगदान दिया




एनएचपीसी ने सिक्किम सरकार के राहत कार्यों में सहयोग करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 3 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। 3 अक्टूबर 2023 की रात को ल्होनक झील में आई बाढ़ के कारण हुई अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों को मदद देने के लिए एनएचपीसी द्वारा भुगतान राशि का चेक श्री प्रेम सिंह तमांग, माननीय मुख्यमंत्री, सिक्किम को श्री एल.के. त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक (सिलीगुड़ी क्षेत्र), श्री सी.आर. दास, पावर स्टेशन प्रमुख, तीस्ता-V पावर स्टेशन, श्री लहेंडप लेपचा, परियोजना प्रमुख, तीस्ता–IV परियोजना द्वारा 10 अक्टूबर 2023 को गंगटोक में सौंपा गया।

03 और 04 अक्टूबर 2023 की मध्यरात्रि को उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से अचानक तीस्ता नदी में भारी बाढ़ आ गई थी। इसके परिणामस्वरूप तीस्ता नदी घाटी में पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग–10 के कुछ हिस्से, शहर और अन्य बुनियादी ढांचों को गंभीर नुकसान पहुँचा है। इस आपदा की घड़ी में संपूर्ण एनएचपीसी परिवार सिक्किम के लोगों के साथ खड़ी है। एनएचपीसी प्रबंधन ने आगे बढ़कर इस वित्तीय सहायता के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार के राहत प्रयासों में सहयोग देने का निर्णय लिया है।

इस आपदा में एनएचपीसी राहत कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले रही है और पीड़ितों के लिए लगातार राहत के विभिन्न उपाय कर रही है। प्रारंभ से ही एनएचपीसी राज्य प्रशासन के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों के लिए लंगर, राशन वितरण, पीने का पानी तथा अन्य जरूरत की वस्तुओं की आपूर्ति कर रही है। एनएचपीसी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चलाए जा रहे लंगर की व्यवस्था स्थिति सामान्य होने तक जारी रहेगी।

## निदेशक (कार्मिक) का तीस्ता-V पावर स्टेशन, सिक्किम दौरा

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) एनएचपीसी ने दिनांक 10–11 दिसंबर, 2023 को तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। माननीय निदेशक (कार्मिक) महोदय के आगमन पर श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक, परियोजना प्रमुख, तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना द्वारा परियोजना के अन्य अधिकारियों के साथ गर्मजोशी से वीआईपी गेस्ट हाउस में हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री लूकस गुड़िया, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), निगम मुख्यालय, तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के परियोजना प्रमुख तथा कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निदेशक (कार्मिक) को तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना की वर्तमान परिस्थितियों तथा विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरे के दौरान निदेशक (कार्मिक) महोदय द्वारा वीआईपी गेस्ट हाउस, बालूटार प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) का तीस्ता-V पावर स्टेशन के वीआईपी गेस्ट हाउस में आईआरबीएन के द्वारा विधिवत गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।





इस दौरे के दौरान निदेशक (कार्मिक) महोदय को तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के सभी कार्मिकों द्वारा प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष मे हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया गया। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने सभी कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मे आए विभीषिका को धैर्य और साहस के साथ सामना करने हेतु प्रशंसा की। निदेशक (कार्मिक) महोदय द्वारा सभी कार्मिकों से उनकी समस्याओं पर विचार विमर्श किया तथा समस्या निवारण का आश्वासन दिया।

अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान निदेशक (कार्मिक) ने तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के बैराज की वर्तमान गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली तथा तीस्ता क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा–परिचर्चा की। इसके साथ–साथ तीस्ता-V पावर स्टेशन के लेफ्ट एवं राइट बैंक के साइट की वर्तमान परिस्थिति तथा विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली तथा गहन चर्चा की।

तीस्ता-V पावर स्टेशन, पावर हाउस के अधिकारियों ने निदेशक (कार्मिक) का पावर हाउस में हार्दिक स्वागत किया तथा निदेशक (कार्मिक) महोदय को पावर हाउस अनुरक्षण तथा पूनरुद्धार कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। पावर हाउस दौरे के दौरान निदेशक (कार्मिक) महोदय ने तीस्ता-V पावर स्टेशन के सभी विभागाध्यक्षों के साथ विचार–विमर्श भी किया। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने तीस्ता-V बाँध क्षेत्र का भी दौरा किया तथा बाँध क्षेत्र के विभिन्न घटकों के साथ–साथ सुरंगों की स्थिति का जाएजा लिया तथा दौरे के दौरान सभी विभागाध्यक्षों के साथ विचार–विमर्श भी किया।

माननीय निदेशक (कार्मिक) महोदय द्वारा तीस्ता-V पावर स्टेशन में हिन्दी मे किए गए कार्य की समीक्षा की गई तथा महोदय द्वारा हिन्दी में किए गए कार्यों को सराहा गया। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य हेतु तीस्ता-V पावर स्टेशन, एनएचपीसी को तृतीय स्थान प्राप्त करने हेतु बधाई दी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके प्रतिबद्धता के साथ अपने प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। निदेशक (कार्मिक) महोदय के दौरे से तीस्ता क्षेत्र में तैनात सभी कार्मिकों का मनोबल और उत्साह को बढ़ावा दिया है।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन



तीस्ता–V पावर स्टेशन मे दिनांक 31.10.2023 को दोपहर 01.30 बजे स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के थीम के साथ फिट इंडिया फरीडम रन 4.0 का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य मे तीस्ता–V पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख श्री चित्त रंजन दास, समूह महाप्रबंधक के द्वारा पावर स्टेशन मे कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 मे भाग लिया।

# निदेशक (परियोजनाएं) का तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना दौरा



श्री बिस्वाजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने दिनांक 05–12–2023 से 06–12–2023 तक तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक, परियोजना प्रमुख, तीस्ता-V पावर स्टेशन और तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना ने पावर स्टेशन एवं परियोजना के अन्य अधिकारियों के साथ निदेशक (परियोजनाएं) का वीआईपी गेस्ट हाउस में हार्दिक स्वागत किया। श्री अनिल कुमार दाश के द्वारा निदेशक (परियोजनाएं) को तीस्ता-V पावर स्टेशन एवं तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना की वर्तमान परिस्थितियों तथा विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। श्री बिस्वाजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) का तीस्ता-V पावर स्टेशन के वीआईपी गेस्ट हाउस में आईआरबीएन के द्वारा विधिवत गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

अपने प्रवास के दौरान निदेशक (परियोजनाएं) ने तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना के बैराज की वर्तमान गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली तथा तीस्ता क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा–परिचर्चा की। इसके साथ साथ तीस्ता-V पावर स्टेशन के लेफ्ट एवं राइट बैंक के साइट की वर्तमान परिस्थिति तथा विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली तथा गहन चर्चा की।

तीस्ता-V पावर स्टेशन, पावर हाउस के अधिकारियों ने निदेशक (परियोजनाएं) पावर हाउस में हार्दिक स्वागत किया, तथा उनके द्वारा पावर हाउस के वर्तमान गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। माननीय निदेशक (परियोजनाएं) महोदय द्वारा तीस्ता-ट पावर स्टेशन में हिन्दी मे किए गए कार्य की समीक्षा की गई तथा हिन्दी में किए गए कार्यों हेतु बधाई दी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके गर्म व जोश और प्रतिबद्धता के साथ अपने प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। निदेशक (परियोजनाएं) के दौरे से तीस्ता क्षेत्र में तैनात कार्मिकों का मनोबल और उत्साह बढ़ा है।

# तीस्ता-V पावर स्टेशन राष्ट्रीय खेल दिवस फिट इंडिया शपथ रिपोर्ट



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीस्ता-V पावर स्टेशन मे दिनांक 29.08.2023 को प्रातः 11.00 बजे फिट इंडिया शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य मे तीस्ता–V पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख श्री चित्त रंजन दास, ग्रुप महाप्रबंधक के द्वारा पावर स्टेशन मे कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन जीने तथा स्वयं, परिवार के सदस्यों, दोस्तों और पड़ोसियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई गई।



www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited @nhpclimited NHPC Limited

## तीस्ता-V पावर स्टेशन राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ रिपोर्ट

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर तीस्ता-V पावर स्टेशन मे दिनांक 31.10.2023 को दोपहर 01.00 बजे शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य मे तीस्ता–V पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख श्री चित्त रंजन दास, समूह महाप्रबंधक के द्वारा पावर स्टेशन मे कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ दिलाई गई।



## तीस्ता-V पावर स्टेशन संविधान दिवस समारोह रिपोर्ट



निगम मुख्यालय के परिपत्र सं. 42/2023 दिनांकः 22.11.2023 के अनुपालन मे संविधान दिवस समारोह के अवसर पर तीस्ता-V पावर स्टेशन मे दिनांकः 26.11.2023 को प्रातः 11.00 बजे संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीस्तादृट पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक के साथ पावर स्टेशन मे कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना को हिन्दी एवं अँग्रेजी भाषा मे पढ़ा गया। इससे संबंधित फोटोग्राफ संलग्न है।

# रंगित पावर स्टेशन

## रंगित पावर स्टेशन में हिन्दी पखवाड़ा एवं हिन्दी दिवस समारोह-2023 का आयोजन

एनएचपीसी लिमिटेड, रंगित पावर स्टेशन में दिनांक 14.09.2023 को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया एवं दिनांक 15.09.2023 को हिन्दी पखवाड़ा–2023 का विधिवत उदघाटन किया गया। पखवाड़ा का उदघाटन मुख्य अतिथि श्री सुधीर कुमार यादव, समूह महाप्रबंधक के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होने कहा की भाषा के रूप में आज हिन्दी काफी सशक्त एवं सामर्थ्यवान हो गई है। आज हिन्दी ने खुद को इतना समृद्ध बना लिया है, कि दैनिक क्रियाकलापों के साथ–साथ शिक्षा एवं ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्रों में भी इसे बिना कोई कठिनाई अपनाया जा सकता है। हमें इन क्षेत्रों में हिन्दी प्रयोग के लिए सच्चे दिल से प्रयास करने की आवश्यकता है।




पखवाड़े के दौरान हिन्दी भाषी एवं हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए हिन्दी प्रशासनिक शब्दावली, हिन्दी निबन्ध, हिन्दी श्रुतिलेख, हिन्दी टंकण, हिन्दी नोटिंग / प्रारूप लेखन, हिन्दी प्रश्नोतरी एवं हिन्दी काव्य पाठ जैसी विविध हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें पावर स्टेशन के लगभग 60 से अधिक कार्मिकों ने भाग लिया। इस दौरान कार्मिकों में हिन्दी पुस्तकों के प्रति रुचि जगाने के उदेश्य से 18.09.2023 को एक हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी जिसका अवलोकन स्वयं समूह महाप्रबंधक महोदय द्वारा किया गया।

दिनांक 29.09.2023 को हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समूह महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं वरन संस्कृति की संवाहिका भी होती है। किसी भी देश या समाज की भाषा से उसकी संस्कृति का सहज आंकलन किया जा सकता है। भारत अपनी भाषिक विविधताओं के लिए जाना जाता है और हिन्दी, हिंदुस्तान की भाषाई विविधता में एकता की प्रतीक है। इसके बाद हिन्दी पखवाड़ा–2023 के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समूह महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों से पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 28.09.2023 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की गयी तथा हिन्दी पखवाड़े के दौरान किए गए प्रयासों की समीक्षा की गयी।

## Capacity Building Training Program





Glimpses of **Capacity building training program** conducted at Rangit Power Station, Sikkim on the topic **Public Procurement** on 28.10.2023. Presentation on the topic was delivered by Sh. Saket Ranjan, PVO, Rangit Power Station. Very good number of participants were present in this program.

# रंगित-IV जलविद्युत परियोजना

### ग्राम सभा का प्रयोजन, PIDPI campaign के तहत

सतर्कता जागरूकता सप्ताह' 2023 के अंतर्गत रंगित–IV जलविद्युत परियोजना के एक ग्राम पंचायत, सुलडूंग कामलिंग GPU मे ग्राम सभा का प्रयोजन, दिनांक 21.10.2023, को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस ग्राम सभा के ग्राम पंचायत President काफी मिलनसार एवं supportive थे एवं इस प्रयोजन मे सभी अन्य पांचों सहित ग्रामवासी सम्मिलित हुए तथा इस कार्यक्रम की खूब बढ़ाई की। इस कार्यक्रम के बारे मे जानकार सभी ने भरोसा दिया की हम सभी सतर्कता विभाग की आँखें बनकर एवं जरूरत पड़ने पर अपना–अपना दायित्व निभाएंगे। इस कार्यक्रम में हमने सभी ग्राम वासियों को एक–एक PIDPI का pamphlet दिया जिससे औरों को भी समय समय पर इससे जानकारी मिलने मे सहूलियत हो।



# सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना

### संविधान दिवस का आयोजन



सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में 26.11.2023 को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद, ग्रुप महाप्रबंधक के नेतृत्व में परियोजना के महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। इस अवसर पर परियोजना दौरे पर आए श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) तथा विशेषज्ञ समिति के सदस्यागण ने भी संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

जैसा कि संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को संविधान अंगीकृत किए जाने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने इसके निर्माण में संविधान शिल्पी बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के योगदान को रेखांकित करते हुए स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व को बढ़ाने के लिए भारतीय संविधान में किए गए प्रावधानों की सराहना की।

# माननीय केन्द्रीय मंत्री (विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) का सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा





श्री आर. के. सिंह, माननीय केन्द्रीय मंत्री (विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) ने 27 एवं 28 नवंबर, 2023 को सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, एनएचपीसी, श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) एवं श्री आर. के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी) भी मौजूद रहे। श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) एवं श्री राजेन्द्र प्रसाद, परियोजना प्रमुख ने परियोजना आगमन पर माननीय केन्द्रीय मंत्री महोदय एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का असमिया गमछा एवं असम का प्रसिद्ध एरी शॉल प्रदान कर स्वागत किया। परियोजना स्थित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों द्वारा माननीय मंत्री केन्द्रीय महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

माननीय केन्द्रीय मंत्री महोदय एवं गणमान्य अतिथियों ने 27 नवंबर, 2023 को परियोजना के विभिन्न स्थलों जैसे बांध, इंटेक स्ट्रक्चर, डाइवर्जन टनल आदि का निरीक्षण किया और परियोजना में जारी निर्माण गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं श्री राजेन्द्र प्रसाद, परियोजना प्रमुख द्वारा उन्हें परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई।

इसके पश्चात माननीय केन्द्रीय मंत्री महोदय ने परियोजना संबंधी समीक्षा बैठक भी की जिसमें श्री राजेन्द्र प्रसाद, परियोजना प्रमुख द्वारा परियोजना के चुनौतियों से निपटने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी गई। एनएचपीसी कार्मिकों को संबोधित करते हुए माननीय केन्द्रीय मंत्री महोदय ने परियोजना को पूरा करने के लिए सभी से अत्यधिक उत्साह के साथ काम करने का आह्वान किया और मंत्रालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

तत्पश्चात उपस्थित मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए माननीय केन्द्रीय मंत्री महोदय ने परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष प्रकट की तथा अगले छः माह में विद्युत उत्पादन शुरू होने की आशा व्यक्त की।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2023 का आयोजन




सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में 30.10.2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर तत्कालीन परियोजना प्रमुख श्री विपिन गुप्ता द्वारा सभी कार्मिकों को सतर्कता के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2023 के दौरान कार्मिकों, उनके परिवार के सदस्यों तथा आस–पास के स्कूलों के बच्चों में सतर्कता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्मिकों के लिए दिनांक 31.10.2023 को निबंध प्रतियोगिता, 01.11.2023 को वाद–विवाद प्रतियोगिता, 02.11.2023 को ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता एवं 04.11.2023 को कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आस–पास के स्कूलों यथा केन्द्रीय विद्यालय, गेरुकामुख एवं विवेकानंद केंद्र विद्यालय, दोलंगमुख के बच्चों के लिए क्रमशः 02.11.2023 एवं 03.11.2023 को पेंटिंग प्रतियोगिता तथा 03.11.2023 को वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्मिकों के परिवार के सदस्यों के लिए 04.11.2023 को कविता पाठ प्रतियोगिता एवं 06.11.2023 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




सप्ताह के दौरान 04.11.2023 को सतर्कता जागरूकता के प्रचार–प्रसार हेतु परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद, ग्रुप महाप्रबंधक के नेतृत्व में एक वाकथॉन का आयोजन किया गया जिसमें सभी वरिष्ठ अधिकारियों व कार्मिकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 09.11.2023 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र प्रसाद, ग्रुप महाप्रबंधक एवं श्रीमती आरती प्रसाद का पारंपरिक असमिया गमछा एवं पौधा के साथ स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र प्रसाद ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि सतर्कता जीवन का अभिन्न अंग है और हमारा निजी जीवन हो या फिर कार्यालयीन कार्य दोनों ही स्थिति में सतर्कता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र प्रसाद, ग्रुप महाप्रबंधक एवं श्रीमती आरती प्रसाद के करकमलों से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागीगण को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## प्रीवेन्टीव विजिलेन्स विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में 09.10.2023 को प्रीवेन्टीव विजिलेन्स विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र का शुभारंभ श्री विपिन गुप्ता, कार्यपालक निदेशक, सुबनसिरी लोअर परियोजना के व्याख्यान से हुआ जिसमें उन्होंने निवारक सतर्कता पर जोर देते हुए कहा कि यदि हम नियमों एवं दिशानिर्देशों का पालन करें तो हम बहुत सारी गलतियों से बच सकते हैं और हमारा काम भी तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि अमूमन लोग विजिलेन्स को अवरोध के रूप में देखते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। विजिलेन्स हमें सतर्क करने के लिए है ताकि हम बाद में परेशानियों से बचे रहें।

तीस्ता लो डैम-IV पावर स्टेशन से आए परियोजना सतर्कता अधिकारी श्री नुरुल हसन मौलिक, उप महाप्रबंधक (सिविल) ने आगे के सत्र को संबोधित करते हुए निवारक सतर्कता के विविध पहलुओं की चर्चा करते हुए विजिलेन्स के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष रूप से नवनियुक्त प्रशिक्षु अधिकारी, प्रशिक्षु अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंताओं को नामित किया गया ताकि वे आनेवाले समय में अपने कार्यों को दक्षतापूर्वक कर सकें।

इस अवसर पर श्री पल्लव, महाप्रबंधक (वित्त), श्री नवीन कुमार जैन, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं श्री राजेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) एवं परियोजना सतर्कता अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकगण का दौरा




एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकगण डा. उदय सखाराम निरगुड़कर, डा. अमित कंसल व श्री पी.के. गोवर्धनन ने दिनांक 16 से 18 दिसम्बर 2023 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का उनके आगमन पर पुष्प, असमिया गमछा तथा शाल भेंट कर स्वागत किया गया।

परियोजना के निरीक्षण से पूर्व सभी स्वतंत्र निदेशकगण ने बांध स्थल पर विशेष रूप से आयोजित पूजा–अर्चना में भी भाग लिया और ईश्वर से परियोजना के समय से पूर्ण होने की कामना की। तदुपरांत स्वतंत्र निदेशकगण ने परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों यथा–बांध, डायवर्सन टनल आउटलेट और पावर हाउस इत्यादि स्थलों का निरीक्षण किया। परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद ने स्वतंत्र निदेशकगण को परियोजना में जारी विभिन्न निर्माण गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए कार्य प्रगति की जानकारी दी। स्वतंत्र निदेशकों ने परियोजना के सभी प्रमुख घटकों के कार्य की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की और परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिए परियोजना द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने देश की इस अति महत्वाकांक्षी सुबनसिरी लोअर परियोजना को निर्धारित समय पर पूरा करने की एनएचपीसी की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए सभी से कर्मठता, दृढ़निश्चय व कढ़ी मेहनत से अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए कहा। इस अवसर पर स्वतंत्र निदेशकगण की अध्यक्षता में परियोजना प्रमुख व महाप्रबंधकगण के साथ परियोजना समीक्षा बैठक भी की गई। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

परियोजना से प्रस्थान से पूर्व स्वतंत्र निदेशकगण द्वारा परियोजना के हर्बल पार्क में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद के साथ–साथ परियोजना के महाप्रबंधकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, सदस्य (हाइड्रो) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण एवं निदेशकगण का दौरा



अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री आर.के. विश्नोई, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य (हाइड्रो) श्री एम.ए.के.पी. सिंह, एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (परियोजनाएं) श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (तकनीकी) श्री राज कुमार चौधरी, सेंट्रल वाटर कमीशन व जीओलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने दिनांक 02 से 03 नवंबर 2023 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। परियोजना आगमन पर परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ व असमिया शाल तथा गमछा भेंट कर स्वागत किया गया।

इस दौरान अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक महोदय ने परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों यथा–बांध, इंटेक इत्यादि स्थलों का निरीक्षण किया तथा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में और गति लाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने देश की इस अति महत्वाकांक्षी सुबनसिरी लोअर परियोजना को निर्धारित समय पर पूरा करने की एनएचपीसी की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए सभी से कर्मठता, दृढ़निश्चय व कढ़ी मेहनत से अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए कहा।

इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में परियोजना निर्माण से जुड़े सभी बड़े ठेकेदारों के साथ परियोजना समीक्षा बैठक भी की गई। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई ताकि परियोजना को निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके। बैठक में भारत सरकार के सदस्य (हाइड्रो) श्री एम.ए.के.पी. सिंह, एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (परियोजनाएं) श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (तकनीकी) श्री राज कुमार चौधरी, सेंट्रल वाटर कमीशन व जीओलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारी एवं सुबनसिरी लोअर परियोजना के परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद के साथ–साथ परियोजना के विभागाध्यक्षगण भी उपस्थित रहे।

## राजभाषा कार्यान्वयन के लिए सुबनसिरी लोअर परियोजना को द्वितीय पुरस्कार




सुबनसिरी लोअर जल विद्युत परियोजना को "ग" क्षेत्र में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु राजभाषा शील्ड का द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड के करकमलों से निगम मुख्यालय में 27.12.2023 को आयोजित बैठक में प्रदान किया गया जिसे श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) ने ग्रहण किया।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन



श्री राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की वर्ष 2023–24 की तृतीय तिमाही की बैठक 01.01.2024 को प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के सभी महाप्रबंधकगण/ विभागाध्यक्षगण, ग्रुप उप महाप्रबंधकगण, उप महाप्रबंधकगण तथा परियोजना सतर्कता अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के आरंभ में श्री नवीन कुमार जैन महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा अध्यक्ष महोदय के साथ–साथ बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए परियोजना के विभिन्न विभागों से प्राप्त सितंबर –2023 तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सुबनसिरी परियोजना को निगम मुख्यालय से प्राप्त राजभाषा द्वितीय पुरस्कार शील्ड को कार्यपालक निदेशक महोदय को सौंपा।

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय ने कहा कि परियोजना में राजभाषा की प्रगति संतोषजनक है। इसके लिए उन्होंने सभी विभागाध्यक्षगण की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिन एक दो विभागों में थोड़ी कमी है उसके विभागाध्यक्ष इस पर ध्यान दें और इनमें सुधार करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्षगण अपने–अपने विभागों में अपरिहार्य रूप से हिंदी की मासिक बैठकें आयोजित करें तथा हिंदी कार्यों के साथ–साथ अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्षगण यह सुनिश्चित करें कि पिछली तिमाही की तुलना में हिन्दी की प्रगति कम नहीं होनी चाहिए क्योंकि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय की बैठकों में इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्षगण यह जरूर सुनिश्चित करें कि हिन्दी की मासिक और त्रैमासिक रिपोर्टें समय से राजभाषा विभाग को उपलब्ध हो जाएं। अंत में श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

# एनएचपीसी संपर्क कार्यालय काठमांडू

## India-Nepal Cultural Festival at Lumbini on 8th December 2023






The Embassy of India in Nepal, Kathmandu organized the 1st India-Nepal Cultural Festival at Lumbini on 8th December 2023.

The festival was jointly inaugurated by Hon'ble Minister of Culture, Tourism & Civil Aviation of Nepal Mr. Sudan Kirati, Hon'ble Chief Minister of Lumbini Province Mr. Dilli Bahadur Chaudhary and His Excellency Mr. Naveen Srivastava, Ambassador of India to Nepal.

The guests were welcomed by His Excellency Mr. Naveen Srivastava, Ambassador of India in Nepal and other officers of Indian Embassy, Kathmandu. The Programme included inauguration of a photo exhibition of Buddhist heritage sites and unveiling of sand Mandala art exhibition at Mayadevi Temple, Lumbini, music & dance performance by artists of India & Nepal at Little Buddha Statue, Lumbini and inauguration of Street Food Festival at Lumbini World Peace and Harmony Visitor Centre, Lumbini. The key features of the cultural program of the festival were:

- Buddhist Prayers & Chants
- Sitar Performance by Sukurna Band
- Cham Dance by Spituk Monastery
- Bharatnatyam by Swami Vivekananda Cultural Centre
- Traditional Tharu Dance Performance

The Hon'ble Minister of Culture, Tourism & Civil Aviation, Nepal addressed the august gathering and appreciated the efforts of Indian Embassy at Kathmandu and all its co-sponsors for promoting India-Nepal cultural ties and Government of India initiatives for Hydro-power development in Nepal. NHPC Limited supported the Indian Embassy in Nepal at Kathmandu to organise the 1st India-Nepal Cultural Festival at Lumbini as a co-sponsor of the program to demonstrate its presence in Nepal for development of India-Nepal ties and opening new avenues of business development in the field of Hydro-power projects in Nepal.

A two-member team of NHPC Nepal Projects participated in the festival. Shri Sandeep Mittal, Head of NHPC Nepal Projects interacted with dignitaries, prominent members present in the audience at the festival and apprised them about NHPC initiatives for hydropower development in Nepal. NHPC logo was prominently displayed in the festival

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **अक्तूबर 2023** | |
| प्रमेश चंद्र पांडे | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) | टनकपुर पीएस |
| कुप्पिले लक्ष्मण आचार्यलु | महाप्रबंधक (वित्त) | इंटी.ऑडिट |
| पदम भूषण | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) | संपर्क कार्यालय पठानकोट |
| संजीव गुप्ता | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | पीएमएसजी |
| राघवेंद्र कुमार गुप्ता | ग्रुप महाप्रबंधक (सिविल) | डिजाइन (सिविल) |
| विपिन गुप्ता | कार्यपालक निदेशक | सुबनसिरी लोअर एचईपी |
| राजेंद्र सिंह | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | पारबती-II एचईपी |
| दर्शन कुमार | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-III | सलाल पी.एस |
| बोध राज | पर्यवेक्षक (कुक) ग्रेड-III | दुलहस्ती पी.एस |
| वली मोहम्मद मलिक | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड-I | सीवीपीपीएल–पाकलदुल एचईपी |
| हंस राज | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस |
| देस राज | सुरक्षा गार्ड एसपीएल ग्रेड-I | चमेरा-III पी.एस |
| सजधा बेगम | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड-I | आरओ, जम्मू |
| कृष्ण गोपाल | सीनियर कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | पीआईडी–पठानकोट |
| मोहम्मद सादिक | पर्यवेक्षक (रिगर) ग्रेड-III | सलाल पी.एस |
| राजेश कुमार | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | पीआईडी–पठानकोट |
| मोहम्मद सिद्दीकी तेली | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | किशनगंगा पी.एस |
| अनिल कुमार | पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल) ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस |
| पार्वती देवी | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड-I | टनकपुर पी.एस |
| चंदर सिंह | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| मोहम्मद नजीर | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| शेर बहादुर | हेल्पर एसपीएल ग्रेड-I | धौलीगंगा पी.एस |
| ओम प्रकाश | इलेक्ट्रीशियन एसपीएल | आरओ, जम्मू |
| सुषमा रानी | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (अस्पताल) ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस |
| मोहम्मद जफरुद्दीन अंसारी | पर्यवेक्षक (वेल्डर) ग्रेड-II | तीस्ता-V पीएस |
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | **नवम्बर 2023** | |
| जय शंकर प्रसाद केशरी | महाप्रबंधक (सिविल) | सेवा-II पी.एस. |
| हेम चंद्र सिंह बिष्ट | प्रबंधक (सचिव) | ओ एंड एम |
| राकेश कुमार | उप प्रबंधक (ईडी) | पार्बती-II एचईपी |
| महेश्वर पात्रा | महाप्रबंधक (वित्त) | आरओ, चंडीगढ़ |
| आर विनोद कुमार | उप महाप्रबंधक (वित्त) | एनएचडीसी–ओंकारेश्वर पीएस |
| बिक्रम सिंह | कार्यपालक निदेशक | आरओ, जम्मू |
| भारत भूषण भगत | समूह महाप्रबंधक (सिविल) | योजना |
| केवल सिंह | पर्यवेक्षक (क्लीनर) ग्रेड-II | सलाल पी.एस |
| जीवन सिंह | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| जगदीश चंद्र सरकार | समूह के महाप्रबंधक (सिविल) | सलाल पी.एस. |
| सुरम चंद | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सेवा-II पीएस |
| अब्दुल कबीर जरगर | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड-I | सीवीपीपीएल–पाकलदुल एचईपी |
| मदन लाल | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | दुलहस्ती पी.एस |
| महेश सिंह तोमर | पर्यवेक्षक (वैज्ञानिक सहायक) ग्रेड-II | इंजीनियरिंग-भूविज्ञान |
| जदगीश राज | पर्यवेक्षक (टायर मरम्मतकर्ता) ग्रेड-II | चमेरा-I पीएस |
| राजेंद्र सिंह राणा | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | टनकपुर पीएस |
| संजय श्रीवास्तव | महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) | मानव संसाधन, सी.ओ. |
| अब्दुल सलाम शेख | पर्यवेक्षक (प्लंबर) ग्रेड-III | उरी-I पीएस |
| लखिमा गोगोई | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड-I | सुबनसिरी लोअर एचईपी |
| भाग सिंह | बेलदार एसपीएल ग्रेड | दुलहस्ती पी.एस |
| हेमोदा बोरा | पर्यवेक्षक (टाइम कीपर) ग्रेड-III | सुबनसिरी लोअर एचईपी |
| लाल मान | बेलदार एसपीएल ग्रेड | सलाल पी.एस |

# विदाई

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सर्व श्री / श्रीमती / सुश्री** | **दिसम्बर 2023** | |
| अरुण कुमार जैन | सहायक प्रबंधक (प्रशासन) | टी एंड आरई |
| सत्येन्द्र नाथ उपाध्याय | कार्यपालक निदेशक (वित्त) | वित्त |
| परवीन शर्मा | ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (मैकेनिकल) | चमेरा-III पीएस |
| मनोज कुमार सिंह | समूह महाप्रबंधक (सिविल) | चिनाब वैली पीपीपी लिमिटेड |
| श्यामा प्रसाद मुखर्जी | कार्यपालक निदेशक | मध्यस्थता सेल |
| सत्यवीर सिंह | वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) | सलाल पी.एस |
| वाई पी एस रावत | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | कॉर्पोरेट संचार |
| सुभासिस चक्रवर्ती समूह | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | चमेरा-II पीएस |
| सुरेंद्र प्रसाद सिंह | समूह वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड |
| बिश्वजीत बासु | निदेशक (परियोजनाएं) | निदेशक (परियोजना) |
| प्रेम सिंह | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| वेद प्रकाश | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | दुलहस्ती पी.एस |
| बिहारी लाल | हेल्पर एसपीएल ग्रेड | आरओ, चंडीगढ़ |
| पवन कुमार | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | आरओ, बनीखेत |
| बाल कृष्ण परिहार | सीनियर पर्यवेक्षक (स्टोर) ग्रेड-II | धौलीगंगा पी.एस |
| गुलाम हुसैन दार | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| तारिक अली | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) ग्रेड-I | दुलहस्ती पीएस |
| मनोज कुमार सक्सेना | ऑपरेटर (यूटिलिटी) एसपीएल | टनकपुर पीएस |
| शाम लाल | पर्यवेक्षक (कुक) ग्रेड-III | धौलीगंगा पीएस |
| बायस देव | सुरक्षा गार्ड एसपीएल ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस |
| नारायण दत्त देवरारी | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| नंद लाल दत्ता | सीनियर. कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | आरओ, सिलीगुड़ी |
| आर एस नेगी | सहायक प्रबंधक (ईडी) | टनकपुर पी.एस |
| सुरेश कुमारी | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-I | आरओ, बनीखेत |
| मोहम्मद अमीन | पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल) ग्रेड-II | दुलहस्ती पी.एस |
| राजेश कुमार | सहायक कार्यकारी डी/मैन | चमेरा-II पी.एस |
| लाल सिंह | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| एमडी खैरुल हक | पर्यवेक्षक (टायर मरम्मतकर्ता) ग्रेड-III | लोकतक पीएस |
| ब्रह्म पाल | अटेंडेंट एसपीएल ग्रेड-I | टनकपुर पी.एस |
| सुरिंदर कुमार | बेलदार एसपीएल ग्रेड-I | चमेरा-I पी.एस |
| गुलाम मोहम्मद मट्टू | पर्यवेक्षक (फायरमैन) ग्रेड-II | दुलहस्ती पीएस |
| कमान सिंह | पर्यवेक्षक (वैज्ञानिक सहायक) ग्रेड-II | धौलीगंगा पीएस |
| वरिंदर कुमार | हेल्पर एसपीएल ग्रेड-I | सलाल पी.एस |
| महेश चंद्र भट्ट | पर्यवेक्षक (यूटिलिटी ऑपरेटर) ग्रेड-II | टनकपुर पीएस |
| बनानी चक्रवर्ती | कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-III | सुबनसिरी लोअर एचईपी |

# स्वच्छता पखवाड़ा-2023 (15 सितम्बर 2023 से 02 अक्टूबर 2023)





एनएचपीसी 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर परियोजना, असम \ अरुणाचल प्रदेश

# एनएचपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

कॉर्पोरेट संचार विभाग, एनएचपीसी लिमिटेड, सैक्टर-33, फ़रीदाबाद, हरयाणा-121003
CIN : L40101HR197GOI032564